15 OCT 2019

Code:- 20786

B.A. Sem -3 Examination

Hindi compulsory (CL-303)

(निर्मला & व्याकरण - रचना)

Time : 2.30 hours] Sub. Code [Total Marks : 70

1(अ) निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 14

1 हम लडकियाँ हैं, हमारा घर कहीं नहीं होता ।

2 आप, मेरी माता के स्थान पर थीं, और मैंने आपको सदैव इसी दृष्टि से देखा ।

अथवा

1(अ) निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

1 जब से ब्रहमा ने सृष्टि रची,तब से आज तक कभी बारातियों को कोई प्रसन्न नहीं कर सका । 07

2 मातृ-विहीन बालकों को देखता हूँ तो मेरा ह्रदय फटने लगता है । 07

1(ब)किन्हीं चार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 04

1 प्रेमचंद का मूल नाम लिखिए ।

2 प्रेमचंद उर्दू में किस नाम से लिखते थे ?

3 'निर्मला' की नायिका का नाम लिखिए ।

4 निर्मला के पिता का नाम क्या था ?

5 निर्मला की सगाई किसके साथ हुई थी ?

6 निर्मला की बहन का नाम दीजिए ।

2(अ) 'निर्मला' का कथानक लिखकर उसके शीर्षक की चर्चा कीजिए । 14

अथवा

2(अ) 1 'निर्मला' के तोताराम का चरित्रांकन कीजिए । 07

2 'निर्मला' के उद्‌देश्य को स्पष्ट कीजिए । 07

2(ब) किन्हीं चार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 04

1 बाबू उदयभानु लाल क्या व्यवसाय करते थे ?

2 हिंदी में 'उपन्यास सम्राट' किसे माना जाता है ?

3 निर्मला के श्वसुर का क्या नाम था ?

www.mkbuonline.com

www.mkbuonline.com

4 मंसाराम किसका पुत्र था ?

5 तोताराम की बहन का नाम लिखिए ।

6 निर्मला की ससुराल में उसका विरोधी कौन था ।

3 (अ) सूचनानुसार कीजिए : 14

*पर्याय शब्द लिखिए : 1 असुर 2 कमल 3 पर्वत 4 वृक्ष 5 राजा

* विलोम शब्द लिखिए : 1 राग 2 ईमानदार 3 उचित 4 गोचर 5 जय

* शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए :

1 जिसे कोई जीत न सके 3 आकाश चूमने वाला

2 जो उपकार मानता है 4 जो सबकुछ जानता है

अथवा

3 (अ) 1 सूचनानुसार कीजिए : 07

* विलोम शब्द लिखिए : 1 दुराचारी 2 निरक्षर 3 प्राकृतिक 4 संयोग

*पर्याय शब्द लिखिए : 1 आकाश 2 कामदेव 3 जल

2 शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए : 07

1 जिन्हें तीनों काल का ज्ञान है 2 पति के द्वारा छोड दी गई स्त्री

3 जो कलाओं का ज्ञाता है 4 जिसकी उपमा न हो ।

5 जहाँ कोई न रहता हो 6 बहुत तेज चलने वाला

7 राह दिखाने वाला

3(ब) किन्हीं तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 03

1 डॉ.भुवनमोहन सिन्हा की पत्नी का नाम लिखिए ।

2 निर्मला की बेटी का नाम लिखिए ।

3 'सब जगह मौजूद रहने वाला' शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए ।

4 'रक्षक' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

5 'मित्र' शब्द के दो पर्याय शब्द लिखिए ।

4 (अ) अपठित गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 14

सम्पूर्ण स्वस्थ मनुष्य लम्बा आयुष्य भोगता है और बीमार व्यक्ति कम, ऐसा नहीं है । हम जानते हैं कि मृत्यु अचानक हो जाती है । मनुष्य को अपना कार्य मन लगाकर,ध्यान लगाकर जी जान से करना चाहिए और काम करने से दीर्घायु भोग सकते हैं ।

www.mkbuonline.com

दुखी और रोगी व्यक्ति भी जीवन में महान कार्य कर सकते हैं । हम निवृत्त व्यक्तियों से सुनते आये हैं कि मुझे काम तो करना ही पडेगा । जीवन की प्रवृत्ति काम है । अगर काम में मन नहीं लगता तो जीवन निकम्मा बन जाता है । जीवन को सरस, अर्थपूर्ण और उपयोगी बनाना है तो समझ लो कि प्रवृत्ति ही जीवन है, निवृत्ति मृत्यु के समान है ।

1 लम्बा आयुष्य कौन भोगता है ?

2 मनुष्य को अपना कार्य कैसे करना चाहिए ।

3 जीवन की प्रवृत्ति क्या है ?

4 जीवन कब निकम्मा बन जाता है ?

5 निवृत्ति किसके समान है ?

6 जीवन को सरस एवं अर्थपूर्ण कैसे बनाया जा सकता है ?

7 गद्यखण्ड का उचित शीर्षक दीजिए ।

अथवा

4(अ) 1 भावनगर से सुरेश बोटाद निवासी अपने मित्र दिनेश को उसके पिताजी की मृत्यु पर आश्वासन देता हुआ पत्र लिखता है । - पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए । 07

2 अपने विवाह के लिए अपने मित्र को निमंत्रण-पत्र लिखिए । 07

4 (ब) किन्हीं तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 03

1 निर्मला की सहेली का नाम लिखिए ।

2 निर्मला के गहने कौन चुराता है ?

3 'गोदान' किसका उपन्यास है ?

4 'निर्मला' किस प्रकार का उपन्यास है ?

5 प्रेमचंद ने किस विधवा से शादी की थी ?

www.mkbuonline.com